## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–05.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- गढ़वा में नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता, बूढ़ापहाड़ इलाके से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद, केन्द्रीय गृहमंत्री ने नक्सलियों से की मुख्यधारा में लौटने की अपील।
- रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज रामनवमी पर निकाली जायेगी झांकियां, कल निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 12 हजार से ज्यादा अतिरिक्त बल की तैनाती।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रामनवमी महोत्सव के मद्देनजर अधिकारियों के साथ की बैठक, विधि–व्यवस्था संधारण को लेकर तैयारियों की समीक्षा की।
- वक्फ संशोधन विधेयक पर झारखंड में आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी, रक्षा राज्यमंत्री ने कहा– देशहित के फैसलों का विरोध करना विपक्ष की आदत, झामुमो ने कहा– राजनीतिक लाभ के लिए पारित कराया गया बिल।
- राज्य में फिर आयेगा मौसम में बदलाव, सात अप्रैल से नौ अप्रैल तक देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात अलर्ट।

******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने गढ़वा जिले के बूढा पहाड़ इलाके से भारी मात्रा में हथियार, कारतूस और विस्फोटक बरामद किया है। नक्सलियों ने तुमेरा और खापड़ी महुआ गांव के जंगल में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए ये हथियार और विस्फोटक छिपा रखे थे।

******************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगले साल मार्च के अंत तक देश से लाल आतंक का खात्मा करने का संकल्प दोहराया है। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने माओवादियों से हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की।

******************

रामनवमी की पूर्व संध्या पर आज शाम राजधानी रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर, पलामू, रामगढ़ और पाकुड़ समेत राज्य के कई हिस्सों में झांकियां निकाली जाएंगी। झांकी रात आठ बजे से निकलेंगी और देर रात तक इनका समापन होगा। कल पूरे राज्य में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली जायेगी।

******************

रामनवमी को लेकर पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से राज्य में 12 हजार 767 से अधिक अतिरिक्त बल की तैनाती की गयी है। पर्व के मद्देनजर हजारीबाग, गिरिडीह, लोहरदगा, बोकारो, जमशेदपुर सहित अन्य जिलों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। आइजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि सोशल मीडिया सहित अन्य गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज अधिकारियों के साथ रामनवमी महोत्सव के मद्देनजर राज्य में विधि–व्यवस्था संधारण की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सुनियोजित तरीके से अफवाह या अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अखाड़ा समितियों को डीजे बजाने से संबंधित उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति उपलब्ध कराने और शोभायात्राओं के दौरान बाइक रैली पर रोक लगाने के निर्देश दिये। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन से निगरानी रखने का भी निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया।

******************

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर झारखंड में राजनीतिक बयानबाजी जारी है। रांची में आज पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देशहित में लिये गये फैसलों का विरोध करना विपक्ष की आदत बन गयी है।

******************

इस बीच राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो ने कहा है कि इससे देश को या समाज को कोई लाभ नहीं होने वाला है। पार्टी के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि यह विधेयक राजनीतिक लाभ के लिए संसद से पारित कराया गया है।

******************

राजमहल कोल परियोजना ईसीएल ललमटिया ने इस बार निर्धारित लक्ष्य से अधिक कोयले का उत्पादन कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विस्तृत जानकारी हमारे संवाददाता से –

******************

संक्षिप्त खबरें

- चैत्र नवरात्र का आज आठवां दिन है। रांची और लोहरदगा समेत राज्य भर में महाअष्टमी के दिन माता के दर्शन के लिए पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी।
- राज्यपाल संतोष गंगवार ने आज रांची के लोआडीह स्थित शहीद रघुनाथ महतो चौक पर झारखंड आंदोलनकारी शहीद रघुनाथ महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।
- प्रतिष्ठित रामनाथ गोयनका पुरस्कार से सम्मानित गुमला जिले के दो पत्रकारों के सम्मान में आज जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।
- बढ़ती गर्मी को देखते हुए देवघर जिला प्रशासन ने स्कूलों के लिए गाइडलाइन जारी की है। उपायुक्त ने बच्चों को ज़्यादा फिजिकल एक्टिविटी से दूर रखने का निर्देश दिया है।
- सरहुल पर्व के दौरान डीजे बजाने को लेकर उपजे विवाद में पूर्व मुखिया रीड़ा भेंगराज की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

******************

राज्य के उत्तर–पूर्वी जिलों में सात अप्रैल से फिर मौसम में बदलाव होने की सम्भावना है। इससे आनेवाले दिनों में तापमान में उतार– चढ़ाव देखने को मिलेगा। जिन जिलों में मौसम में बदलाव होगा उनमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहेबगंज शामिल हैं। इन जिलों के कुछ इलाकों में गर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किमी की गति से हवा चलने की आशंका है।

******************

झारखंड में पहली बार आयोजित 15 दिवसीय राष्ट्रीय अवासीय योगासन प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हो गया। नटराज योग संस्थान और रांची जिला योगासन खेल संघ की ओर से यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था।

*******समाप्त********